रजिस्ट्रर्ड सं० डी० (डी)-73 REGISTERED No. D. (D)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सत्यमेव जयते

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 42] नई दिल्ली, शनिवार, 18 अक्तूबर, 1975/आश्विन 26, 1897

No. 42] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 18, 1975/ASVINA 26, 1897

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

The undermentioned Gazettes of India Extraordinary were published up to the 30th April 1975 :—

Issue No.	No. and Date	Issued by	Subject
124	का०आ० 165 (अ) दिनांक 1 अप्रैल, 1975	कृषि और सिंचाई मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना सं० का०आ० 76 (ई) दिनांक 4 फरवरी, 1975 का 31 जुलाई, 1975 तक प्रवृत्त करना ।
	S.O. 165 (E) dt. 1st April 1975	Ministry of Agriculture and Irrigation	Enforcement of Notifn. S.O. 76 (E) of 4th Feb. 1975 upto 31st July, 1975, by the Central Govt.
125	का०आ० 166 (अ) दिनांक 1 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 आगे संशोधन करना ।
	S.O. 166 (E) dated 1st April, 1975	Ministry of Commerce	Further amendments of Exports (Control) Order, 1958 by the Central Govt.
126	का०आ० 167 (अ) दिनांक 3 अप्रैल, 1975	भारत परिसीमन आयोग	बिहार राज्य के संसदीय तथा सभा निर्वाचन-क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में विसम्मत टिप्पण-आयोग की प्रस्थापनाओं का प्रकाशित किया जाना ।
	S.O. 167 (E) dated 3rd April, 1975	Delimitation Commission India.	Note of dissant to the delimitation of Parliamentary and Assembly constituencies in the State of Bihar—Publication of the Commission Proposals.
127	एस०ओ० 168 (अ)/आई०ई०सी०ए०/3-4-75 दिनांक 7 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 का और आगे संशोधन करना ।
	S.O. 168 (E)/I. C.E.A./3-4-75 dated the 7th April, 1975.	Ministry of Commerce	Further amendment of Imports (Control) Order, 1955 by the Central Govt.

1	2	3
128 एस०ओ० 169 (अ) आई०ई०सी०ए० 3-5-75 दिनांक 7 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा आयात नियंत्रण आदेश, 1955 का और आगे संशोधन करना ।
S.O. 169(E)/IECA/3-5-75 dated the 7th April 1975	Ministry of Commerce	Further amendment of Imports (Control) Order, 1955 by the Central Govt.
फा०आ० 170 (अ) दिनांक 7 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा खुला सामान्य लाइसेंस सं० 4 का और आगे संशोधन करना ।
S.O. 170 (E) dated 7th April 1975	Ministry of Commerce	Further amendment to the Open General Licence No. IV by the Central Govt.
129 का०आ० 171 (अ) दिनांक 7 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 का और आगे संशोधन ।
S.O. 171 (E) dated 7th April, 1975.	Ministry of Commerce	Further amendment of Exports (Control) Order, 1968.
130 का०आ० 172 (अ) दिनांक 9 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा सीमेंट नियंत्रण आदेश, 1967 का और आगे संशोधन करना ।
S.O. 172(E) dated 9th April, 1975	Ministry of Industry and Civil Supplies.	Further amendment of Cement Control Order, 1967 by the Central Govt.
131 का०आ० 173 (अ)/18 एफ०बी०/आई०डी० आर० ए०/ 75 दिनांक 9 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	आदेश सं० का०आ० सं० 250 (अ)/18 एफ०बी०/आई०डी० आर०ए०/73, दिनांक 27 अप्रैल, 1973 का 26 अप्रैल, 1975 से एक वर्ष अतिरिक्त के लिए बढ़ाया जाना ।
S.O. 173(E)/18IB/IDRA/75 dated 9th April, 1975.	Ministry of Industry and Civil Supply.	Extension of Order No. S.O. No. 250 (E) /18FB/IDRA/73, dated the 26th April, 1973 for a further period of One year from the 26 th April, 1975.
132 का०आ० 174 (अ) दिनांक 10 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 का और आगे संशोधन करना ।
S.O. 174(E) dated 10th April, 1975.	Ministry of Commerce	Further amendment of Exports (Control) Order, 1968 by the Central Govt.
133 S.O. 175(E) dated 11th April, 1975.	Delimitation Commission of India.	Publication of proposals for the Delimitation of Parliamentary and Assembly Constituancies together with the disserting proposals in the West Bengals State by the Delimitation-Commission
134 का०आ० 176 (अ) दिनांक 14 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा श्री जी० रामानाथन्, उप सचिव को नियंत्रक नियुक्त करना ।
S.O. 176 (E) dated 14th April, 1975	Ministry of Industry and Civil Supplies.	Appointment of Shri G. Ramanath, Deputy Secretary as Controller by the Central Govt.
135 का०आ० 177 (अ) दिनांक 14 अप्रैल, 1975	भारत निर्वाचन आयोग	निर्वाचन प्रतीक अधिसूचना सं० 56/75-i (का०आ० 61 (ई) दिनांक 31 जनवरी 1975 का संशोधन करना ।
S.O. 177(E) dated 14th April, 1975	Election Commission of India,	Amendment of Notification No. 56/75-I [S.O. 61 (E)] dated 31st January 1975 regarding Election Symbols.
136 का०आ० 178 (अ) दिनांक 14 अप्रैल, 1975	भारत निर्वाचन आयोग	भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना सं० 56/75-ii (का०आ० 68 (ई) दिनांक 1 फरवरी, 1975 का संशोधन करना ।
S.O. 178(E) dated 14th April, 1975	Election Commission of India.	Amendment of Notification No. 56/75-II [S.O. 68(E)] dated 1st February, 1975 by the Election Commission of India,
137 का०आ० 179 (अ) दिनांक 15 अप्रैल, 1975	वित्त मंत्रालय	श्री आर०एल० मलहोत्रा विशेष कार्य अधिकारी को प्रयोजनार्थ अधिकारी नियुक्त करना ।
S.O. 179(E) dated the 15th April, 1975	Ministry of Finance	Appointment of Shri R.L. Malhotra, Officer as Special duty as authority
138 का०आ० 180 (अ) दिनांक 16 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा सीमेंट (संरक्षण और उपयोग का विनियमन) आदेश, 1974 का और आगे संशोधन करना ।
S.O.180(E), dated 16th April, 1975	Ministry of Industry & Civil Supplies	Further amendment of Cement (Conservation) and Regulation of use) Order, 1974 by the Central Govt.
139 का०आ० 181 (अ) दिनांक 18 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 का और आगे संशोधन करना ।
S.O. 181 (E), dated the 18th April, 1975	Ministry of Commerce	Further amendment of Export (Control) Order, 1968.

1	2	3	4
140	का०आ० 182 (अ) दिनांक 21 अप्रैल, 1975	वित्त मंत्रालय	बुधवार, 23 अप्रैल, 1975 भगवान महावीर के निर्वाण की 2500वीं जयन्ती का गुजरात राज्य में सार्वजनिक छुट्टी के रूप में घोषित करना ।
	S.O. 182(E), dated the 21st April 1975	Ministry of Finance	Declaration of Wednesday the 23rd April 1975-2500th Anniversary of Lord Mahavira's Nirman as a Public holiday in the State of Gujarat.
141	का०आ० 183 (अ) दिनांक 22 अप्रैल, 1975	वित्त मंत्रालय	वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) अधिसूचना सं० 104-सीमाशुल्क, दिनांक 26 अगस्त, 1972 का और आगे संशोधन करना ।
	S.O. 183(E), dated the 22nd April 1975	Ministry of Finance	Further amendment to the Ministry of Finance (Department of Revenue) and Insurance No. 104-customs, dated the 26th August 1972.
142	का०आ० 184 (अ), दिनांक 25 अप्रैल, 1975	अंतरिक्ष विभाग	भारत के राष्ट्रपति द्वारा केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील, नियम, 1965 के अधिकारी नियुक्त करना ।
	S.O. 184 (E), dated the 25th April 1975	Department of Space.	Appointing and Disciplinary Authorities under CCS (CCA) Rules, 1965 by the President of India.
143	का०आ० 185 (अ), दिनांक 25 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	मोटर कार (वितरण तथा बिक्री) नियंत्रण (संशोधन) आदेश, 1975 का और आगे संशोधन करना ।
	S.O. 185 (E), dated the25th April, 1975	Ministry of Industry a Civil Supplies	Further amendment of the Motor Cars (Distribution and Sale Control Order, 1959.
144	S.O. 186 (E), dated 25th April 1975	Ministry of Industry & Civil Supplies	Corrigendum to notification No. S.O. 147(C) dated 20th March, 1975.
145	का०आ० 187 (अ) दिनांक 28 अप्रैल, 1975	भारत परिसीमन आयोग	परिसीमन आयोग द्वारा दिल्ली संघ राज्य-क्षेत्र में संसदीय तथा महानगर परिषद् निर्वाचन-क्षेत्रों का प्रकाशित किया जाना ।
	S.O. 187(E), dated the 28th April 1975	Delimitation Commission, India.	Publication of Delimitation of Parliamentary and Metropolitan Constiuencies in the Union Territory of Delhi.
146	का०आ० 188 (अ) दिनांक 28 अप्रैल, 1975	नौवहन और परिवहन मंत्रालय	1 मई, 1975 से जहाजों द्वारा भारत के तटीय व्यापार में यात्रियों को ले जाने के लिए दरें नियत करना ।
	S.O. 188 (E) dated 28th April 1975	Ministry of Shipping & Transport	Fixation of Shipping rates w.e.f. 1st May 1975 for Ships-engaged in the Costing trade for the carriage of passengers.
147	का०आ० 189 (अ) दिनांक 28 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 का और आगे संशोधन करना ।
	S.O. 189 (E) dated 28th April 1975	Ministry of Commerce	Further amendment to the exports (Control) Order, 1968.
148	का०आ० 190 (अ) दिनांक 29 अप्रैल, 1975	श्रम मंत्रालय	कर्मचारियों के मासिक अभिदाय संचयन का गठित न्यासी-बोर्ड को मासान्त के पन्द्रह दिन के भीतर अन्तरित कर देना ।
	S.O. 190(E) dated 29th April, 1975	Ministry of Labour	Transfer of monthly contribution of employees within fifteen days of the close to the month of the Board of Trustees.
	का०आ० 191 (अ) दिनांक 29 अप्रैल, 1975	श्रम मंत्रालय	भविष्य निधि अभिदायों के संचयनों, ब्याज और अन्य प्राप्तियों के अनुसार विनिहित करना ।
	S.O. 191(E) dated 29th April, 1975	Ministry of Labour	Investment in accordance with accumulations out of the Provident Fund Contribution, interest and other receipts.
149	का०आ० 192 (अ) दिनांक 29 अप्रैल, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1968 में और आगे संशोधन ।
	S.O. 192(E) dated 29th April, 1975	Ministry of Commerce	Further amendment to Exports (Control) Order, 1968.
150	का०आ० 193 (अ) दिनांक 30 अप्रैल, 1975	कृषि और सिंचाई मंत्रालय	विनिर्दिष्ट सारिका में कृषि के लिए बेचे जाने वाले बीजों की श्रेणी को नियमित करना ।
	S.O. 193(E) dated 30th April, 1975	Ministry of Agriculture and Irrigation	Expeditation to regulate quality of variety of seeds specified in the Table.
151	का०आ० 194 (अ) दिनांक 30 अप्रैल, 1975	गृह मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार द्वारा जांच आयोग को 9 अगस्त, 1975 तक बढ़ाना ।
	S.O. 194(E) dated 30th April, 1975	Ministry of Home Affairs	Extension of Commission of Inquiry upto 9th August 1975 by the Central Govt.
152	का०आ० 195 (अ) दिनांक 30 अप्रैल, 1975	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	केन्द्रीय सरकार सीमेंट (संरक्षण और उपयोग का विनियम) आदेश, 1974 को 1 मई, 1975 से विखण्डित करना ।
	S.O. 195(E) dated 30th April, 1975	Ministry of Industry and Civil Supplies	Rescination of cement (Conservation and Regulation of Use) w.e.f. 1st May, 1975 by the Central Govt.

मंत्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 25 सितम्बर, 1975

का० आ० 4460.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री शान्ति प्रसाद जैन एवं अन्यों (आर० सी० नं० 1/64/एफ०एस०/एस०यू०) के विरुद्ध 1972 का आपराधिक मामला संख्या 1/पी० में मुख्य मेट्रोपालिटन दण्डाधिकारी, बम्बई द्वारा दिनांक 18-7-75 को दिए गए आदेश के विरुद्ध राज्य द्वारा दायर पुनरीक्षण का तथा सैशन न्यायालय, बम्बई में मामले के विचारण का कार्यसंचालन करने के लिए बम्बई के एडवोकेट, सर्वश्री पी० पी० खम्बाट्टा और विजय आर० देसाई को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है

[संख्या 225/52/75-ए०वी०डी०2]

बी० सी० वंजानी, अवर सचिव

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 25th September, 1975

S.O. 4460.—In exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Sarvashri P. P. Khambatta and Vijay R. Desai, Advocates, Bombay, as Special Public Prosecutors for conducting the Revision filed by the State against the order dated the 18th July, 1975 of the Chief Metropolitan Magistrate, Bombay, in Criminal Case No. 1/P of 1972 and also the trial of the case in the Court of Sessions, Bombay, against Shanti Prasad Jain and others (RC. 1/64/FS/SU).

[No. 225/52/75-AVD. II]

B. C. VANJANI, Under Secy.

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 9 सितम्बर, 1975

का० आ० 4461.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 235-सादात निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री पतिराम, ग्राम चकराजू पोस्ट सैदपुर, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री पतिराम को संसद के किसी भी सदन या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/235/74(160)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 9th September, 1975

S.O. 4461.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Patiram, Village Chakraju, P.O. Saidpur, District Ghazipur, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 235-Sadat assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Patiram to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/235/74(160)]

आदेश

का०आ० 4462.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 235-सादात निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री रामजीत, ग्राम बिनवल, पो० रामपुर, माझा, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री रामजीत को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/235/74(161)]

ORDER

S.O. 4462.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ramjeet, Village Benwal, P.O. Rampur Majha, District Ghazipur, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 235-Sadat assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ramjeet to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/235/74(161)]

आदेश

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 1975

का० आ० 4463.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 109—राय बरेली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री जमुना प्रसाद वकील, उत्तरी जहानाबाद, जिला राय बरेली, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री जमुना प्रसाद वकील को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/109/74(165)]

ORDER

New Delhi, the 15th September, 1975

S.O. 4463.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Jamuna Prasad Vakil, Uttari Jahanabad, District Rae Bareli Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 109-Rae Bareli assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Jamuna Prasad Vakil to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/109/74(165)]

आदेश

का० आ० 4464.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 113—सलोन (अ० जा०) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राम लौटन, ग्राम नूरुद्दीन पुर, पोस्ट करहिया बाजार, जिला राय बरेली, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राम लौटन को संसद् के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/113/74(168)]

ए० एन० सैन, सचिव

ORDER

S.O. 4464.—Whereas te Election Commission is satisfied that Shri Ram Lautan, Vill. Nooruddinpur, P.O. Karhiya Bazar District Rae Bareli, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 113-Salon(SC) assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ram Lautan to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/113/74(168)]

A. N. SEN, Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व और बीमा विभाग)

नई दिल्ली, 21 अगस्त, 1975

आयकर

का० आ० 4465.—केन्द्रीय सरकार आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड 43—ख द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अधिसूचना सं० 691 तारीख 30 जुलाई, 1974 का आंशिक उपान्तरण करते हुए अधिसूचना सं० 944 तारीख 23 जून, 1975 द्वारा यथा उपान्तरित अधिसूचना सं० 679 तारीख 20 जुलाई, 1974 की अनुसूची में उल्लिखित आयकर आयुक्त को कर वसूली आयुक्त की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए तुरन्त प्रभावशील रूप में प्राधिकृत करती है ।

[सं० 1048 (फा० सं० 404/144/75-आई टी सी)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue and Insurance)

New Delhi, the 21st August, 1975

INCOME-TAX

S.O. 4465.—In exercise of powers conferred by clause 43-B of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and in partial modification of notification No. 691 dated the 30th July, 1974, the Central Government hereby authorises the Commissioner of Income-tax, mentioned at Srl. No. 11 B of the Schedule to the Notification No. 679 dated the 20th July, 1974 as modified by notification No. 944 dated the 23rd June, 1975 to exercise the powers of Tax Recovery Commissioner with immediate effect.

[No. 1048 (F. No. 404/144/75-ITCC)]

नई दिल्ली, 23 अगस्त, 1975

का०आ० 4466.—अधिसूचना सं० 171 (फा० सं० 404/274/72-आई टी सी सी) तारीख 1 सितम्बर, 1972 और 190 (फा० सं० 404/274/72-आई टी सी सी) तारीख 18 सितम्बर, 1972 का आंशिक उपान्तरण करते हुए, उसके पैरा 1 में आने वाले क्रमशः सर्वश्री तेज प्रकाश और डी० एस० खोभा के नामों का लोप किया जाता है ।

2. यह अधिसूचना तुरन्त प्रवृत्त होगी ।

[सं० 1052 (फा० सं० 404/63/75-आई टी सी सी)]

New Delhi, the 23rd August, 1975.

S.O. 4466.—In partial modification of Notification Nos. 171 (F. No. 404/274/72-ITCC) dated the 1st September, 1972 and 190 (F. No. 404/274/72-ITCC) dated the 18th September, 1972, the names of S/Shri Tej Prakash and D. S. Khobba appearing in para 1 thereof respectively are deleted.

2. This Notification shall come into force with immediate effect.

[No. 1052 (F. No. 404/63/75-ITCC)]

का०आ० 4467.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री डी० आर० बैनेट को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. यह अधिसूचना उस तारीख से प्रवृत्त होगी जिस तारीख को श्री डी० आर० बैनेट कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे ।

[सं० 1054 (फा० सं० 404/116/75-आई टी सी सी)]

S.O. 4467.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri D. R. Banet who is a Gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri D. R. Banet takes over as Tax Recovery Officer.

[No. 1054 (F. No. 404/116/75-ITCC)]

नई दिल्ली, 26 अगस्त, 1975

का०आ० 4468.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री आर० के० श्रीवास्तव को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. यह अधिसूचना उस तारीख से प्रवृत्त होगी जिसको श्री आर० के० श्रीवास्तव कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे ।

[सं० 1058 (फा० सं० 404/104/75-आई टी सी सी)]

New Delhi, the 26th August, 1975

S.O. 4468.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of Clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorised Shri R. K. Srivastava who is a Gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri R. K. Srivastava takes over as Tax Recovery Officer.

[No. 1058 (F. No. 404/104/75-ITCC)]

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 1975

का०आ० 4469.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार श्री अमित लाल पाल को जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. यह अधिसूचना उस तारीख से प्रवृत्त होगी, जिस तारीख को श्री अमित लाल पाल कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हैं ।

[सं० 1062 (फा० सं० 404/77/75-आई टी सी सी)]

वी० पी० मित्तल, उप-सचिव

New Delhi, the 29th August, 1975

S.O. 4469.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri Amit Lal Pal who is a Gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri Amit Lal Pal takes over as Tax Recovery Officer.

[No. 1062 (F. No. 404/77/75-ITCC)]

V. P. MITTAL, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 1975

आयकर

का०आ० 4470.—अधिसूचना सं० 521 (फा० सं० 203/12/73-आई टी ए आई I) तारीख 14 दिसम्बर, 1973 के अनुक्रम में, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संस्थाओं विहित प्राधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, कृषि भवन, नई दिल्ली द्वारा आयकर अधिनियम 1962 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए 1 अप्रैल, 1975 से तीन वर्ष की और अवधि के लिए अनुमोदित किया गया है ।

संस्था

1-4-75 से 27-7-75 तक

ऐग्री एग्रीकल्चरल रिसर्च एण्ड डेवलेपमेन्ट फाउण्डेशन प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई ।

28-7-75 से 31-3-78 तक

ऐस्पी एग्रीकल्चरल रिसर्च एण्ड डेवलेपमेन्ट फाउण्डेशन, मुम्बई ।

[सं० 1050 (फा० सं० 203/53/75-आई टी ए आई-1]

टी० पी० झुनझुनवाला, उप-सचिव

New Delhi, the 22nd August, 1975

INCOME-TAX

S.O. 4470.—In continuation of notification No. 521 (F. No. 203/12/73-ITA.II), dated 14th December, 1973, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Indian Council of Agricultural Research, Krishi Bhawan, New Delhi the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 for a further period of three years with effect from 1st April, 1975.

INSTITUTION

From 1-4-1975 to 27-7-1975

Aspee Agricultural Research and Development Foundation Pvt. Ltd., Bombay.

From 28-7-75 to 31-3-78.

Aspee Agricultural Research and Development Foundation. Bombay.

[No. 1050/F. No. 203/53/75-ITA.II]

Sd/-

T. P. JHUNJHUNWALA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 5 सितम्बर, 1975

बीमा

का०आ० 4471.—साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 (1972 का 57) की धारा 16 की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, साधारण बीमा (पर्यवेक्षी, लिपिकीय और अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का सुव्यवस्थीकरण और पुनरीक्षण) स्कीम, 1974 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इस स्कीम का नाम साधारण बीमा (पर्यवेक्षी, लिपिकीय और अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का सुव्यवस्थीकरण और पुनरीक्षण) प्रथम संशोधन स्कीम, 1975 है ।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी ।

2. साधारण बीमा (पर्यवेक्षी, लिपिकीय और अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का सुव्यवस्थीकरण और पुनरीक्षण) स्कीम, 1974 में (जिसे इसमें इसके पश्चात् मुख्य स्कीम कहा गया है), पैरा 2 में—

(क) खण्ड (iii) में, "अस्थायी पूर्णकालिक कर्मचारी" पद के पूर्व "31 दिसम्बर, 1972 को यथास्थित", पद अन्तःस्थापित किया जाएगा;

(ख) खण्ड (iv) और उसके नीचे परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(iv) जो 1973 की जनवरी के प्रथम दिन या उसके पश्चात् भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी की सेवा में सम्मिलित हुए थे और इस स्कीम के प्रारम्भ होने के पूर्व उनकी पुष्टि हो गई थी;

(v) जो इस स्कीम के प्रारम्भ होने के पूर्व निगम या उसकी समनुषंगियों में से किसी में नियमित पूर्णकालिक अस्थाई सेवा में थे;

(vi) जो इस स्कीम के प्रारम्भ होने के पश्चात् निगम या उसकी समनुषंगियों में से किसी के द्वारा परिवीक्षाधीन व्यक्तियों के रूप में नियुक्त किए जाएं ।"

3. मुख्य स्कीम के पैरा 3 के खण्ड (i) में "दफ्तरी" शब्द के पूर्व "ड्राइवर" शब्द अन्तःस्थापित किया जाएगा ।

4. मुख्य स्कीम के पैरा 4 में—

(i) उप-पैरा (1) में,—

(क) स्पष्टीकरण 1 में, "या खण्ड (ii)" शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के पश्चात् "या खण्ड (iv) या खण्ड (v)" शब्द, कोष्ठक और अंक अन्तःस्थापित किए जाएंगे ;

(ख) स्पष्टीकरण 1 के पश्चात्, निम्नलिखित स्पष्टीकरण अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"स्पष्टीकरण 1क—इस पैरा और पैरा 5 तथा 6 के प्रयोजनों के लिए, पैरा 2 के खण्ड (iii) और (iv) तथा खण्ड (v) में निर्दिष्ट कर्मचारी की बाबत यह माना जाएगा मानो उसने नए वेतनमानों से शासित होने का विकल्प अपनाने का निश्चय किया था ।"

(ii) उप-पैरा (2) में—

(क) खण्ड (क) में, परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक और जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह और कि पैरा 2 के खण्ड (iii), (iv) और (v) में निर्दिष्ट कर्मचारिवृन्द की दशा में, उपरोक्त अवधि से, सम्बन्धित कर्मचारी के निरन्तर सेवा में नियुक्ति की तारीख से आरम्भ या 1973 की जनवरी के प्रथम दिन को आरम्भ, दोनों में से जो पश्चात्वर्ती हो, तथा 26 मई, 1974 को समाप्त होने वाली अवधि अभिप्रेत होगी";

(ख) खण्ड (ख) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् —

"जहां सुसंगत अवधि के दौरान कोई कर्मचारी ऐसे पद से भिन्न पद धारण कर रहा था जिस पर वह सामान्यतया नियोजित नहीं किया जाता था या अल्पकालिक प्रकृति का कोई भत्ता प्राप्त कर रहा था, वहां पैरा 4 और 6 के प्रयोजन के लिए, केवल वही वेतन और भत्ते (ऐसे अल्पकालिक भत्तों को अपवर्जित करके) गणना में लिए जाएंगे जो वह सामान्य पद में लेता;

(iii) उप-पैरा (3) में से खण्ड (ख) का लोप किया जाएगा ।

5. मूल स्कीम के पैरा 5 में,—

(i) उप-पैरा 2 में, खण्ड (क) में—

(क) उपखण्ड (i) में, "और पर्यवेक्षी" शब्दों के स्थान पर "या पर्यवेक्षी और" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उप-खण्ड (iii) में "वेतनमान" शब्द के स्थान पर "दक्षता" शब्द रखा जाएगा;

(ii) उप-पैरा (3) में, खण्ड (क) में, "वे सभी व्यक्ति जो आशुलिपिक के रूप में" शब्दों के स्थान पर, "उप-पैरा 4 के अधीन रहते हुए वे सभी व्यक्ति जो आशुलिपिक के रूप में" शब्द, कोष्ठक और अंक रखे जाएंगे;

(iii) उप-पैरा 4 में, "पैरा (2)" शब्द, कोष्ठकों और अंक के स्थान पर "उप-पैरा (2)" शब्द, कोष्ठक और अंक रखे जाएंगे ।

6. मुख्य स्कीम के पैरा 6 में,—

(i) उप-पैरा (1) में—

(क) खण्ड (क) में—

(i) * * *

(ii) शब्द "कनिष्ठ", जिन दोनों स्थानों पर आया है, लोप किया जाएगा;

(iii) "इस अनुकल्प द्वारा अभिनिश्चित किया जाएगा" शब्दों के स्थान पर "इस अनुकल्प के अधीन अभिनिश्चित किया जाएगा" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) * * *

(ग) * * *

(घ) टिप्पण 1 में, "को लेता" शब्दों के पूर्व "को अपने विद्यमान वेतनमान में लेता" शब्द रखे जाएंगे;

(ङ) टिप्पण 2 में "यदि कोई कर्मचारी 1 जनवरी, 1973 के ठीक पूर्व किसी ऐसी कम्पनी में, जिसमें मंहगाई भत्ता का कोई निश्चित मान नहीं है, समेकित वेतन या भत्ता प्राप्त करता है, तो समेकित वेतन मूल वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा" शब्दों और अंकों के स्थान पर "यदि कोई कर्मचारी 1 जनवरी, 1973 को समेकित वेतन या भत्ता प्राप्त कर रहा हो तो वह मूल वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

(ii) उप-पैरा (3) में और उप-पैरा (4) में "या उससे अधिक हो जाता है" शब्दों के पश्चात् "किन्तु श्रेणी की अधिकतम सीमा तक नहीं पहुंच जाता" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे;

(iii) उप-पैरा 5 में—

(क) "उक्त तारीख के" शब्द के स्थान पर "उक्त तारीख को" शब्द रखे जाएंगे और "ठीक पूर्व" शब्दों का लोप किया जाएगा;

(ख) "नकद में संदत्त लंच भत्ता" शब्दों के स्थान पर "सवारी भत्ता और, नकद में संदत्त, लंच भत्ता" शब्द रखे जाएंगे;

(ग) निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु पैरा 2 के खण्ड (iv), (v) और (vi) में निर्दिष्ट कोई भी कर्मचारी वैयक्तिक वेतन का हकदार नहीं होगा";

(iv) उप-पैरा (5) के पश्चात् निम्नलिखित पैरा जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"(6) पैरा 2 के खण्ड (iv) और (v) में निर्दिष्ट कर्मचारी के सम्बन्ध में सेवा में आमेलित किए जाने पर वेतन इस प्रकार अवधारित किया जाएगा मानों कि वह इस स्कीम के अधीन समुचित वेतनमान में नियुक्त किया गया था ।"

7. मुख्य स्कीम के पैरा 7 में, —

(i) उप-पैरा (1) में, "कर्मचारी को उसके वर्तमान वेतनमान में एक वृद्धि देने के पश्चात्" शब्दों के स्थान पर "कर्मचारी को उसके वर्तमान वेतनमान में वार्षिक वेतनवृद्धि, यदि कोई हो, देने के पश्चात् उसके वेतन के आधार पर" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) उप-पैरा (1) के पश्चात् निम्नलिखित टिप्पण जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"टिप्पण— "निरन्तर सेवा के बारह मास" से, असाधारण छुट्टी की अवधियों को अपवर्जित करते हुए, बारह मास के समतुल्य कार्य-अवधि अभिप्रेत है ।"

(iii) उप-पैरा (2) में—

(क) "पैरा 5" शब्द और अंक के स्थान पर "पैरा 6" शब्द और अंक रखे जाएंगे ;

(ख) "एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि" शब्दों के स्थान पर "वेतनवृद्धि" शब्द रखे जाएंगे ।

8. मुख्य स्कीम के पैरा 8 के स्थान पर निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

"8. काम के घंटे—(1) पांच पूर्ण दिनों और एक आधे दिन वाले सप्ताह में काम के कुल घंटे —

(i) पर्यवेक्षी और लिपिकीय श्रेणियों के सभी कर्मचारियों के लिए, लंच के 45 मिनट छोड़कर, पैंतीस घंटे पन्द्रह मिनट होंगे ;

(ii) उप-पैरा (2) में निर्दिष्ट से भिन्न अन्य अधीनस्थ कर्मचारि वृन्द के लिए, लंच के 45 मिनट छोड़कर, अड़तीस घंटे पन्द्रह मिनट होंगे ।

(2) अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द, जैसे कि ड्राइवर, लिफ्टवाला, क्लीनर, पहरेदार, बिजली मिस्त्री, नलसाज और मालियों के लिए छह पूर्ण दिनों वाले सप्ताह में अड़तालीस घंटे होंगे ।

(3) उप-पैरा (1) और (2) में वर्णित सप्ताह में काम के अधिकतम घंटों की शर्त के अधीन रहते हुए प्रबन्ध निदेशक या अभिरक्षक प्रत्येक कार्यालय और कर्मचारी के लिये दैनिक काम-घंटे उतने विनिर्दिष्ट कर सकेगा जितने कि वह आवश्यक समझे ।"

9. मुख्य स्कीम के पैरा 9 में "जहां ऐसे अवकाश दिनों की संख्या किसी वर्ष में" से आरम्भ और "शनिवार को पड़ने वाले अवकाश दिन पूर्ण अवकाश दिनों के रूप में माने जाएंगे" वाक्य से अन्त होने वाले सभी वाक्यों का लोप किया जाएगा ।

10. मुख्य स्कीम के पैरा 10 में, —

(1) उप-पैरा (1) में, खण्ड 1(छ) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात् —

"(ज) असाधारण छुट्टी" ;

(2) उप-पैरा (2) में, "(घ) आकस्मिक छुट्टी का उपयोग किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ नहीं किया जाएगा । इस शर्त के अधीन रहते हुए, इस स्कीम के अधीन किसी प्रकार की छुट्टी की मंजूरी किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ या क्रम में दी जा सकेगी", शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित कोष्ठक, अक्षर, शब्द और अंक रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(ङ) निम्नलिखित के सिवाय कोई भी छुट्टी किसी अन्य छुट्टी के क्रम में या उसके साथ मंजूर नहीं की जा सकेगी :—

(i) परीक्षा छुट्टी के क्रम में या उसके साथ जोड़कर आकस्मिक छुट्टी तथा अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी,

(ii) बीमारी छुट्टी, प्रसूति छुट्टी, परीक्षा छुट्टी, करन्तीन छुट्टी या असाधारण छुट्टी के क्रम में या उनके साथ जोड़कर उपार्जित छुट्टी,

(iii) उपार्जित छुट्टी, बीमारी छुट्टी, करन्तीन छुट्टी या असाधारण छुट्टी के क्रम में या उसके साथ जोड़ कर बीमारी छुट्टी,

(iv) उपार्जित छुट्टी, बीमारी छुट्टी, करन्तीन छुट्टी या असाधारण छुट्टी के क्रम में या उनके साथ जोड़ कर प्रसूति छुट्टी,

(v) आकस्मिक छुट्टी, अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी, उपार्जित छुट्टी, प्रसूति छुट्टी, करन्तीन छुट्टी, या असाधारण छुट्टी के क्रम में या उनके साथ जोड़कर परीक्षा छुट्टी,

(vi) आकस्मिक छुट्टी, अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी, उपार्जित छुट्टी, बीमारी छुट्टी, प्रसूति छुट्टी, परीक्षा छुट्टी या असाधारण छुट्टी के क्रम में या उनके साथ जोड़कर करन्तीन छुट्टी,

(vii) किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के क्रम में या उसके साथ जोड़कर असाधारण छुट्टी";

(3) उप-पैरा (3) और (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप-पैरा रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(3) उपार्जित छुट्टी—(क) उपार्जित छुट्टी की संख्या कर्त्तव्य का एक बटा ग्यारह भाग के समतुल्य होगी।

स्पष्टीकरण — इस खण्ड में 'कर्त्तव्य' से अभिप्रेत है नियम या उसकी समनुषंगियों या दोनों की सेवा में व्यतीत अवधि, किन्तु इसके अन्तर्गत आकस्मिक छुट्टी, अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी, करन्तीन छुट्टी, परीक्षा छुट्टी और व्यवसाय संघ छुट्टी से भिन्न छुट्टी की अवधियां सम्मिलित नहीं होंगी।

(ख) उपार्जित छुट्टी की वह अवधि जो किसी कर्मचारी द्वारा संचित की जा सकेगी, एक सौ अस्सी दिन है और एक बार में अधिक से अधिक एक सौ बीस दिन की छुट्टी मंजूर की जा सकती है :

परन्तु कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पूर्व तैयारी के लिए छुट्टी के रूप में उसके लेखा मद्दे पूरी छुट्टी, किन्तु अधिक से अधिक एक सौ अस्सी दिन तक मंजूर की जा सकती है।

(ग) सेवानिवृत्ति के लिए प्रस्तुत कर्मचारी को सेवा के हित में उपार्जित छुट्टी से इन्कार किया जा सकता है और कर्मचारी को, उसकी मृत्यु होने की दशा में, उसके लेखा मद्दे शोध्य उपार्जित छुट्टी के लिए नकद में संदाय किया जा सकता है।

टिप्पणी 1—कर्मचारी को उपार्जित छुट्टी के बदले नकद संदाय के परिणामस्वरूप शोध्य रकम का अवधारण करने के प्रयोजन के लिए, कर्मचारी का सकल मासिक वेतन (आधारी वेतन और सभी भत्तों को मिलाकर किन्तु फार्यकरण भत्ता तथा प्रतिस्थानी भत्ता सम्मिलित न करते हुए) जितना कि वह, यथास्थिति, उसकी मृत्यु या सेवानिवृत्ति की तारीख को हो, गणना में लिया जाएगा।

टिप्पण 2—कर्मचारी की मृत्यु की तारीख को उसके लेखा मद्दे उपार्जित छुट्टी के बदले में नकद रकम दिये जाने के परिणामस्वरूप कर्मचारी को जो रकम शोध्य हो वह उस व्यक्ति को संदत्त की जाएगी जिसे सम्बन्धित कर्मचारी की भविष्य निधि के अतिशोध देय हों।

(4) आकस्मिक छुट्टी – (क) कलैण्डर वर्ष में कर्मचारी को अधिक से अधिक पन्द्रह दिन की आकस्मिक छुट्टी दी जा सकती है और ऐसे वर्ष के दौरान कर्मचारी द्वारा उपभोग न की गई आकस्मिक छुट्टी वर्ष के अन्त में समाप्त हो जाएगी।

(ख) खण्ड (क) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कर्मचारी को एक कलैण्डर वर्ष में 23½ दिनों और परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 (1881 का 26) के अधीन घोषित छुट्टी के दिनों के बीच अन्तर के समतुल्य दिनों के अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी मंजूर की जा सकती है और ऐसी छुट्टी आगामी कलैण्डर वर्ष के दौरान ली जा सकती है। परन्तु यह कि ऐसी अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी जो कि उपरोक्त आगामी कलैण्डर वर्ष के दौरान न ली जाए ऐसे वर्ष के अन्त में समाप्त हो जाएगी।

(ग) उप-पैरा (2) के खण्ड (क) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आकस्मिक छुट्टी, अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी, के साथ जोड़ कर ली जा सकती है किन्तु एक समय में छह दिन से अधिक की आकस्मिक छुट्टी या अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी या दोनों मिलाकर नहीं ली जा सकती

(घ) आकस्मिक छुट्टी और अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी सामान्यतया सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के पश्चात् ही ली जा सकती है ; किन्तु एक दिन की आकस्मिक छुट्टी अनपेक्षित आपात की दशा में पूर्व मंजूरी के बिना ली जा सकती है :

परन्तु यह तब जबकि कार्यालय के प्रधान को उन परिस्थितियों के बारे में जिनमें पूर्व मंजूरी नहीं ली जा सकी, शीघ्र सूचित कर दिया जाए।

(ङ) शनिवार को छोड़कर सप्ताह के किसी भी दिन केवल पूर्वाह्न या अपरान्ह के लिए आकस्मिक छुट्टी और अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी ली जा सकती है और इस प्रकार ली गई छुट्टी की अवधि आधा दिन मानी जाएगी।

(च) शनिवार को ली गई आकस्मिक छुट्टी और अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी पूरे दिन की छुट्टी मानी जाएगी।

(4) उप-पैरा (6) में, परन्तुक में, "जिसके तीन जीवित बच्चे हों" शब्दों के स्थान पर "जिसके तीन और अधिक जीवित बच्चे हों" शब्द रखे जाएंगे ;

(5) उप-पैरा (9) के पश्चात् निम्नलिखित उप-पैरा जोड़े जाएंगे, अर्थात् :—

"(10) असाधारण छुट्टी—(क) कर्मचारी को कुल सेवा के दौरान अधिक से अधिक छह मास की असाधारण छुट्टी तब मंजूर की जा सकती है जब कोई अन्य छुट्टी शोध्य न हो।

(ख) असाधारण छुट्टी की अवधि के दौरान वेतन अनुज्ञेय नहीं होगा।

(ग) ऐसी छुट्टी पर व्यतीत अवधि वेतनवृद्धि के लिए गणना में नहीं ली जाएगी।

(11) छुट्टी वेतन—उपार्जित छुट्टी, प्रसूति छुट्टी या करन्तीन छुट्टी के दौरान कर्मचारी उस वेतन के समतुल्य छुट्टी वेतन लेगा जो वह छुट्टी पर अग्रसर होने की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती तारीख को प्राप्त कर रहा था।"।

11. मूल स्कीम के पैरा 11 में, "और मंहगाई भत्ते" शब्दों के स्थान पर "मंहगाई भत्ते और वैयक्तिक वेतन" शब्द रखे जाएंगे।

12. मूल स्कीम के पैरा 12 में, परन्तुक में, "ठीक अगले मास के प्रथम दिन को" शब्दों के स्थान पर "ठीक अगले मास के प्रथम दिन को पूर्वाह्न में" शब्द रखे जाएंगे।

13. पैरा 14 के स्थान पर निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात्:—

"14. अतिकालिक भत्ता — (1) जब भी कार्यालय के कार्य के हित में यह आवश्यक समझा जाए, कर्मचारी के कार्य की प्रसामान्य अवधि से परे काम करने की अपेक्षा की जा सकती है।

(2) जब किसी कर्मचारी से किसी दिन कार्य की प्रसामान्य अवधि के परे आधा घन्टे से अधिक समय करने की अपेक्षा की जाए तो उसे उसके कार्य की प्रसामान्य अवधि से परे की अवधि के लिए अतिकालिक भत्ता संदत्त किया जाएगा।

(3) नीचे की सारणी के स्तम्भ 1 में उल्लिखित कर्मचारियों के प्रवर्गों के लिए अतिकालिक भत्तों की दरें उक्त सारणी के स्तम्भ 2 में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट रीति में संगणित की जाएंगी।

सारणी

कर्मचारियों के प्रवर्ग	संगणना की रीति
1	2
पर्यवेक्षी और लिपिकीय कर्मचारिवृन्द	1. सप्ताह के दौरान अतिकालिक कार्य की अवधि जब उस सप्ताह के कार्य के प्रसामान्य अवधि के साथ जोड़ने पर बियालीस घंटे या कम हो तो अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टे दर का 1-1/2 गुणा होगी ।
	2. सप्ताह में बयालीस घन्टे से अधिक के अतिकालिक कार्य की अवधि के लिए अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टे की दर का दो गुणा होगी ।
अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द	1. सप्ताह के दौरान अतिकालिक कार्य की अवधि जब उस सप्ताह के कार्य के प्रसामान्य अवधि के साथ जोड़ने पर पैंतालीस घन्टे या कम हो तो अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टे दर का 1-1/2 गुणा होगी ।
	2. सप्ताह में पैंतालीस घन्टे से अधिक के अतिकालिक कार्य की अवधि के लिए अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टे की दर का दो गुणा होगी ।
चालक (ड्राइवर) और निर्माण कर्मचारिवृन्द	1. सप्ताह के दौरान प्रथम सात घन्टे के अतिकालिक कार्य के लिए अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टे दर का 1-1/2 गुणा होगी ।
	2. सप्ताह के दौरान प्रथम सात घन्टे से अधिक के अतिकालिक कार्य के घन्टों के लिए अतिकालिक भत्ते की दर मजदूरी की प्रति घन्टा दर का दो गुणा होगी ।

(4) अवकाश और रविवार के दिन किए गए अतिकालिक कार्य के लिए संदाय उसी आधार पर किया जाएगा जिस आधार पर अन्य दिनों के लिए :

परन्तु रविवार के दिन चार घन्टे या उससे अधिक के निरन्तर अतिकालिक कार्य के लिए अतिकालिक भत्ते के संदाय के अतिरिक्त एक प्रतिकरात्मक अवकाश भी दिया जाएगा ।

(5) निगम में या उसकी समनुषंगियों में से किसी में या क्षेत्र के, डिवीजन के और शाखा स्तर के अन्य कार्यालय में अतिकालिक भत्ते के संदाय की मंजूरी देने के लिए सक्षम प्राधिकारी वे होंगे जो निगम द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

(6) सामान्यतया चालक (ड्राइवर) से भिन्न किसी भी कर्मचारी को एक कलेण्डर वर्ष में 90 घन्टे से अधिक अतिकाल में काम करने के लिए नहीं कहा जाएगा :

परन्तु प्रबन्ध निदेशक या अभिरक्षक किन्हीं विशेष मामलों में कार्य की आभ्यावश्यकताओं के आधार पर इन उपबन्धों को शिथिल कर सकता है ।

टिप्पण 1. अतिकाल की अवधि निकटतम घन्टे में पूर्णांकित की जाएगी ।

टिप्पण 2. सप्ताह की गणना रविवार से शनिवार तक की जाएगी ।

टिप्पण 3 मजदूरी की प्रति घन्टा दर वह होगी जो मास के सकल वेतन को (आधारी वेतन, मंहगाई भत्ता, अर्हता वेतन, कार्यकरण भत्ता, नगर प्रतिकरात्मक भत्ता, पहाड़ी आस्थान भत्ता, वैयक्तिक वेतन और प्रतिस्थानी भत्ते को सम्मिलित करके) उस मास के कार्य के प्रसामान्य घन्टों से विभाजित करके प्राप्त हो ।

14. मुख्य स्कीम की प्रथम अनुसूची में, "अर्हता वेतन" से सम्बन्धित मद IV के स्थान पर निम्नलिखित मद रखी जाएगी, अर्थात् :—

" IV अर्हता वेतन :

कर्मचारियों को एक मासिक भत्ता, जिसे अर्हता वेतन कहा जाएगा, दिया जाएगा या निम्नलिखित आधार पर वेतन-वृद्धियां दी जाएंगी, अर्थात् :—

(1) अस्नातक सहायकों को, जो सेवा में 31 दिसम्बर, 1972 को पुष्ट किए गए थे और जो 31 दिसम्बर, 1977 से पूर्व स्नातक के रूप में अर्हित हो जाएं, उनके वेतनमान में, परीक्षा के परिणाम के प्रकाशन की तारीख से, दो वेतन-वृद्धियां दी जाएंगी ।

(2) अस्नातक सहायकों को, जो 31 दिसम्बर, 1972 को अस्थायी सेवा में थे और 31 दिसम्बर, 1977 से पूर्व स्नातक के रूप में अर्हित हो, उनके वेतनमान में, सेवा में उनकी पुष्टि की तारीख से या परीक्षा के परिणाम के प्रकाशन की तारीख दोनों में से जो पश्चात्वर्ती हो, दो वेतन-वृद्धियां दी जाएंगी ।

(3) 31 दिसम्बर, 1972 को सेवागत स्नातक सहायकों को, यदि आवश्यक हो तो, उनके आधारी वेतन में, सेवा में उनकी पुष्टि की तारीख से या 1 जनवरी, 1973 से, दोनों में से जो पश्चात्वर्ती हो, वेतनवृद्धि अनुज्ञात की जा सकती है ताकि उनके आधारी वेतनों को सहायक के वेतनमान में तृतीय आयाम के स्तर तक लिया जा सके ।

परन्तु यह तब जब कि सम्बन्धित स्नातक सहायक को उच्चतर आरम्भिक वेतन या अग्रिम वेतनवृद्धियां स्नातक होने के पूर्व, बीमाकर्ता के साथ सेवा की अवधि में किसी समय, अनुज्ञात न की गई हों

(4) सहायक के प्रवर्ग में या समतुल्य पदों पर 1 जनवरी, 1973 को या उसके पश्चात् नियुक्त किए गए व्यक्तियों को उनकी श्रेणी में दो वेतनवृद्धियां —

(क) सेवा में उनकी पुष्टि की तारीख से दी जाएंगी यदि वे स्नातक के रूप में सेवा में सम्मिलित हुए हों अथवा पुष्टि के पूर्व स्नातक के रूप में अर्हित हो जाते हैं;

(ख) परिणामों के प्रकाशन की तारीख से दी जाएंगी यदि वे सेवा में सम्मिलित होने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के भीतर, किन्तु सेवा में पुष्टि के पश्चात्, स्नातक के रूप में अर्हित हो जाते हैं ।

(5) उस संपुष्ट कर्मचारी को जो निम्नलिखित परीक्षा में अर्हित हो जाता है या अर्हता प्राप्त कर चुका है, परीक्षा के परिणामों के प्रकाशन की तारीख से या 27 मई, 1974 से, दोनों में से जो पश्चात्वर्ती हो, नीचे उल्लिखित के अनुसार अर्हता वेतन की रकम संघत्त की जाएगी :

परन्तु उस एक से अधिक अर्हता वेतन अनुज्ञेय नहीं होगा ।

परीक्षा	प्रति मास अर्हता वेतन
फैडरेशन आफ इण्योरेंस इन्स्टीट्यूट या चार्टर्ड इंण्योरेंस इन्स्टीट्यूट	
(i) लाइसैंशियेट	15 रु० जो केवल सहायक या समतुल्य या निम्नतर पद के धारक को देय है ।
(ii) एसोशिएटशिप पूरी करना	25 रु० जो वरिष्ठ सहायक या समतुल्य या निम्नतर पदों के धारक को देय है ।
(iii) फैलोशिप पूरी करना	50 रुपए
इन्स्टीट्यूट आफ एक्चुरीज :	
(iv) कोई तीन विषय	25 रु०
(v) कोई सात विषय	40 रु०
(vi) फैलोशिप पूरी करना	60 रु०
इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउन्टैन्स या इन्स्टीट्यूट आफ कास्ट एंड वर्क्स अकाउण्टैन्ट्स ।:	
(vii) इन्टरमीडिएट पूरी करना	25 रु०
(viii) एसोशिएटशिप या फैलोशिप पूरी करना	50 रु०

(6) स्नातक होने पर अर्हता वेतन या वेतनवृद्धियों की मंजूरी का सम्बन्धित व्यक्ति की वरिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं होगा ।

(7) जहां किसी कर्मचारी को पहले ही अग्रिम वेतनवृद्धि दी गई हो या कोई अन्य आवर्ती धनीय फायदा किसी बीमा परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के कारण पहुंचाया गया हो वहां अर्हता वेतन की रकम उचित रूप से कम कर दी जाएगी या पहले से प्राप्त किए गए फायदे के परिमाण के आधार पर पूरी तरह अनुज्ञेय होगी ।

उदाहरण :

सहायक को फैडरेशन आफ इण्योरेंस इन्स्टीट्यूट की एसोशिएटशिप परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उप-पैरा (5) की शर्त के अनुसार अनुज्ञेय 25 रु० प्रति मास के स्थान पर केवल 5 रु० प्रति मास का अर्हता वेतन मिलेगा यदि इस परीक्षा के लिए प्राप्त सभी अग्रिम वेतनवृद्धियों का कुल धनीय मूल्य 20 रु० प्रति मास हो और उसे कोई भी अर्हता वेतन नहीं मिलेगा यदि पहले ही प्राप्त अग्रिम वेतनवृद्धियों का कुल धनीय मूल्य 25 रु० प्रति मास हो ।

15. मुख्य स्कीम की द्वितीय अनुसूची में, "यात्रा भत्ता" शीर्षक के नीचे, "रेल द्वारा यात्रा" से सम्बन्धित मद (1) और उसके अन्तर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(1) रेल द्वारा यात्रा :

(i) 340 रु० तथा अधिक आधारी वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी	प्रथम श्रेणी
(ii) 340 रु० से कम आधारी वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी	द्वितीय श्रेणी (नई) और रात्रि यात्रा के लिए शायिका
(iii) अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द	द्वितीय श्रेणी (नई) और रात्रि यात्रा के लिए शायिका" ।

[फा० सं० 65(8) इंश्यो III/15-क/74)]

ग० ह० दामले, बीमा नियंत्रक और पदेन संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 1975

का० आ० 4472—केन्द्रीय सरकार, बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 114 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीमा नियम, 1939 में कतिपय और संशोधन करना चाहती है । जैसाकि उक्त धारा की उपधारा (1) में अपेक्षित है, प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जा रहा है जिनके उससे प्रभावित होने की सम्भावना है । इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 60 दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा ।

ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्त से पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी ।

प्रारूप

1. इन नियमों का नाम बीमा (संशोधन) नियम, 1975 है ।

2. बीमा नियम, 1939 में, नियम 2 में, खण्ड (iv), (v) और (vi) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(iv) 'कलकत्ता क्षेत्र' से अभिप्रेत है, वह क्षेत्र जिसमें आसाम, बिहार, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, सिक्किम और त्रिपुरा राज्य और नागालैण्ड राज्य का ट्यूनसांग जिला तथा अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह के संघ राज्य क्षेत्र समाविष्ट है;

